हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री



10 उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम ...





12 डीके कॉलेज में मां के नाम पर हुआ पौधारोपण







2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


**आक्रोश :** भूपेश बघेल व परिवार पर कार्रवाई को बताया राजनीतिक प्रतिशोध

# ईडी के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, बाईपास पर किया चक्का जाम, आर्थिक नाकेबंदी कर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर केंद्र सरकार एवं ईडी की कथित दुरुपयोग पूर्ण कार्रवाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार द्वारा सोमवार को सकरी बाईपास पर चक्का जाम कर आर्थिक नाकेबंदी एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके परिवार के खिलाफ ईडी द्वारा की जा रही जांच के विरोध में आयोजित किया गया। कांग्रेस नेताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध बताते हुए केंद्र की भाजपा सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

■ वरिष्ठ नेताओं की अगुवाई में सड़कों पर उतरे सैकड़ों कार्यकर्ता

कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, कसडोल विधायक संदीप साहू, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेंद्र शर्मा, विद्याभूषण शुक्ला एवं दिनेश यदु ने किया। नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए ईडी जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल कर लोकतांत्रिक ▶▶ शेष पेज 11 पर





## छत्तीसगढ़ की जल-जंगल-जमीन पर अडानी की नज़र

**भाटापारा।** तमनार एवं हसदेव जंगल की कटाई के साथ-साथ अदानी ग्रुप का विरोध करते हुए ईडी, सीबीआई, ईओडब्ल्यू के दुरुपयोग को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर आर्थिक नाकेबंदी एवं चक्काजाम का असर भाटापारा विधानसभा में भी देखने को मिला भाटापारा विधानसभा के कार्यकर्ता विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व में लिमतरा तिग्गडा चौक पर एन एच 130 को बंद करा कर अपना विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस के इस आर्थिक नाकेबंदी का छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने समर्थन नहीं दिया फिर भी विधायक इन्द्र साव एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूरी ताकत लगाकर इस आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाया। चक्का जाम होने से लोग सड़कों पर फंस गए, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा जबकि कांग्रेस पार्टी का ▶▶ शेष पेज 11 पर



## भारी पुलिस बल के बीच कांग्रेसियों ने की नारेबाजी

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के द्वारा कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को ईडी द्वारा गिरफ्तार करने व अडानी द्वारा जंगल कटाई के विरोध में पूरे प्रदेश में कांग्रेस द्वारा आर्थिक नाकेबंदी किये जाने के आव्हान पर इसका असर खरोरा में दिखा जहां बड़ी संख्या में ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं नगर के आजाद चौक में एकत्रित होकर केन्द्र व राज्य भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते चक्का जाम किया इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा ईडी का इस्तेमाल करके अडानी के खिलाफ आवाज उठाने वालों के खिलाफ कार्यवाही करके झूठे आरोप में जेल भेजा जा रहा। इस अवसर पर चक्का जाम के आयोजन प्रभारी जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा द्वारा भाजपा व मोदी के भय पर अडानी के खिलाफत करने वाले हमारे नेताओ ▶▶ शेष पेज 11 पर



## लिमतरा चौक पर कांग्रेस का चक्काजाम



**सिमगा।** तमनार एवं हसदेव जंगल की कटाई के साथ-साथ अदानी ग्रुप का विरोध करते हुए ईडी, सीबीआई, ईओडब्ल्यू के दुरुपयोग को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आर्थिक नाकेबंदी एवं चक्काजाम का असर भाटापारा विधानसभा में भी देखने को मिला। भाटापारा विधानसभा के कार्यकर्ता विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व में लिमतरा तिगड्डा चौक पर एन एच 30 को बंद करा कर अपना विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस के इस आर्थिक नाकेबंदी का छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने समर्थन नहीं दिया, फिर भी विधायक इन्द्र साव एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूरी ताकत लगाकर इस आर्थिक नाकेबंदी को सफल बनाया। चक्का जाम होने से लोग सड़कों पर फंस गए जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा जबकि कांग्रेस पार्टी का कहना है कि यह आंदोलन तानाशाही और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ है सड़क जाम में रायपुर बिलासपुर नेशनल हाईवे थम सा गया हालांकि स्कूल बसों एवं एंबुलेंस ▶▶ शेष पेज 11 पर

## सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस

विदित हो कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को कथित शराब घोटाले मामले में ईडी ने भिलाई से गिरफ्तार किया था इसके बाद कांग्रेस ने जमकर सरकार पर निशाना साधा रायपुर में कांग्रेस नेताओं की एक अहम बैठक हुई और आगे की रणनीति तय की गई और मंगलवार को कांग्रेस ने पूरे राज्य में आर्थिक नाकेबंदी करने का ऐलान किया। विधायक इन्द्र साव ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है और उन्हें डराने का प्रयास कर रही है एक ओर सरकार एक पेड़ मां के नाम कह रही है वहीं हसदेव एवं तमनार के जंगल ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### 25 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

**बलौदाबाजार।** आबकारी आयुक्त श्याम धावड़े के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही क़ी जा रही है। इसी कड़ी में 25 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त किया गया।



कसडोल वृत्त के थाना कसडोल अंतर्गत ग्राम मुड़पार में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी राधेश्याम जायसवाल पिता मोतीलाल के कब्जे से 25.00 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 5000 होना पाया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालयीन अभिरक्षा में भेजा गया। इस दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह एवं नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा मौजूद थे।

# खाद्य व औषधि प्रशासन ने चलाया जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आगामी दिनों में रक्षाबंधन सहित कई त्यौहार आने वाले हैं। त्यौहारी सीजन में मिठाईयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों क़ी गुणवत्ता सुनिश्चित करने खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है।

सोमवार क़ो सिमगा एवं भाटापारा के कई दुकानों में खाद्य पदार्थों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों के होटल का निरीक्षण किया गया। सिमगा स्थित बालाजी जोधपुर स्वीट्स से खोवा कतली एवं कृष्णा डेयरी से पनीर का नमूना लिया गया। जांच के दौरान भाटापारा के ट्रांसपोर्ट ऑफिस एवं गैराज का भी निरीक्षण कर रिकॉर्ड खंगाला गया कि कोई अमानक या नियम विरुद्ध खाद्य पदार्थों का परिवहन तो नहीं हो रहा। जांच टीम के द्वारा बिना पक्का बिल व रसीद के खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयों का ट्रांसपोर्ट नहीं करने की हिदायत दी गई।



# किक बॉक्सिंग में अमन ने जीता स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

वाको इंडिया सिनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन वाको छत्तीसगढ़ किक बाक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में बलबीर जुनेजा इनडोर स्टेडियम रायपुर में गत 16 से 20 जुलाई 2025 तक किया गया। छत्तीसगढ़ किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा, संस्थापक तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता राज्य के सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न वजन वर्गों में हिस्सा लिया। जिन्होंने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण पदक जीते।

■ राज्य के 8 खिलाड़ियों ने जीता सोना

■ वाको इंडिया सीनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2025 में जीता पदक

जिसमें बलौदाबाजार भाटापारा जिले से सिमगा के खिलाड़ियों में अमन सोनी ने पंजाब तेलंगाना व केरल के खिलाड़ियों को हरा कर स्वर्ण पदक हासिल किया, वहीं संदीप यादव ने दिल्ली के खिलाड़ी को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान किक बॉक्सिंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल, सचिव अभिषेक जैन, छत्तीसगढ़ किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव आकाश गुरुदीवान, व कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा अध्यक्ष छगन लाल मूंदड़ा सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि, रघुनाथ ▶▶ शेष पेज 11 पर

# सब्जी व्यवसायी से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बिरकोनी में सब्जी व्यवसायी से मारपीट की घटना की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को हेमंत पटेल वार्ड नं. 08 ग्राम बिरकोनी ने बताया कि 20 जुलाई को वह खेमचंद यादव के साथ चाय पीने के लिए देवांगन चाय दुकान के पास गया थे, वहां पर पहले से मौजूद मुकेश निषाद और वेद प्रकाश साहू ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। बीचबचाव करने पर उसके दोस्त खेमचंद यादव केसाथ भी मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।


बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302



हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

## खबर संक्षेप

### सड़क बाधा, ग्रीन नेट नहीं लगाने पर ई जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 10 अमले ने सोमवार को 2 विभिन्न स्थानो पर सड़क बाधा पर संबंधित जन से 10 हजार रुपये ई जुर्माना किया। इसी तरह वायुप्रदूषण रोकने नियमानुसार ग्रीन नेट नहीं लगाने पर संबंधित भवन निर्माणकर्ता पर 3 हजार रुपये का ई जुर्माना करने की कार्यवाही की गई। निगम के अधिकारियों का कहना है अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### तेलीबांधा मार्ग से हटाए गए अवैध ठेले

**रायपुर।** टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर निगम जोन 3 क्षेत्र के मौलीमाता बाजार तेलीबांधा के मार्ग में अभियान चलाकर सड़क यातायात बाधित कर रहे अवैध ठेलो पर कार्यवाही की गई । जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल की उपस्थिति में नगर निवेश की टीम ने निगम मुख्यालय उड़नदस्ता के साथ मौली माता बाजार तेलीबांधा गेट के पास मुख्य मार्ग के कब्जाधारी करीबन 20 ठेलो को सडक से हटानेर की कार्यवाही। इसके साथ ही 10 अवैध ठेलो को व्यवस्था सुधार करने सड़क से जब्त कर लिया गया। जोन 3 की टीम ने तेलीबांधा में सड़क पर बैठकर व्यवसाय कर रहे सब्जी व्यवसायियों को पानी टकी के पास बाजार में निर्मित चबूतरे में व्यवस्थापित करने की तैयारी में है।

### राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आकाश को राष्ट्रपति करेंगे सम्मानित

**रायपुर।** नई दिल्ली स्थित भारत **मंडपम** में 7 अगस्त को 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के बुनकर आकाश कुमार देवांगन को



उनके उत्कृष्ट जनजातीय बस्तर जाला कोसा साड़ी के लिए राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह सम्मान राष्ट्रपति द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि कपड़ा मंत्रालय ने 2024 के लिए संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा की है। ये पुरस्कार देश के हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बुनकरों, डिजाइनरों, विपणक, स्टार्ट-अप और उत्पादक कंपनियों को सम्मानित करने के लिए दिए जाते हैं। कुल 24 पुरस्कार विजेताओं में 5 संत कबीर पुरस्कार और 19 राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार शामिल हैं। इस समारोह में कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, सांसद, उद्योग जगत के नेता, डिजाइनर, निर्यातक, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, छात्र और देशभर से आए 500 से अधिक बुनकर उपस्थित रहेंगे।

### संस्कृत भारती संगठन की प्रांत कोर कमेटी की बैठक



**रायपुर।** संस्कृत भाषा के संरक्षण व संवर्धन के लिए शिक्षक सदन टैगोर नगर में संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ की प्रांत कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में संस्कृत सप्ताह आयोजित करने की रणनीति, विद्यालयीन शिक्षा में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन अनुसार छत्तीसगढ़ में संस्कृत शिक्षा पर बल देने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आगामी समय में छत्तीसगढ़ में संस्कृत शिक्षा की उन्नति के लिए संस्कृत शिक्षकों का विकासखंड, जिला व प्रांत स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में डॉ. सतेंद्र सिंह सेंगर एवं डॉ. दादूभाई त्रिपाठी तथा अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने संस्कृत सप्ताह पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने तथा संस्कृत विषय को प्राइमरी शिक्षा में शामिल करने के लिए एवं गीता, रामायण, महाभारत, वेद, शास्त्रों को पाठ्यक्रम मे शामिल करने के लिए जोर दिया गया। यह जानकारी संस्कृत भारती रायपुर के प्रचार विभाग से जुड़े पं. चंद्रभूषण शुक्ला ने देते हुए बताया कि बैठक में संस्कृत भारती प्रांताध्यक्ष सतेंद्र सिंह सेंगर, प्रांतमंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी, संगठन मंत्री हेमंत साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. बहुरन पटेल, डॉ. प्रवीण झाड़ी, डॉ. दिव्या देशपांडे, डॉ. लूनेश कुमार वर्मा, पूर्णोत्तम साहू, राजेश राजपूत, पारस साहू, चोवालाल धीवर, शेषनारायण गजेंद्र, थानेश्वर आदि पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# भाजपा के जिलों की कार्यकारिणी लेने लगी आकार, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन में अब जाकर करीब पांच माह बाद जिलों की कार्यकारिणी आकार लेने लगी है। सबसे पहले मनेंद्रगढ़-चिरमरी की जिला कार्यकारिणी का सोमवार को ऐलान किया है। आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों की कार्यकारिणी का भी एक के बाद एक ऐलान होगा।

जिलों की कार्यकारिणी के बाद ही प्रदेश की कार्यकारिणी तय होगी। वैसे भी प्रदेश की कार्यकारिणी से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा, इसके बाद प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। इसके लिए अभी इंतजार करना होगा।

**प्रदेश कार्यकारिणी के लिए अभी करना होगा इंतजार**



भाजपा के जिलों की कार्यकारिणी इसी माह से लेने लगेगी आकार

प्रदेश कार्यकारिणी के लिए अभी करना होगा इंतजार

पहले मंडल, अब जिलों का नंबर

### मंडल के बाद अब जिलों का नंबर

*भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया। कई बार डेड लाइन तय करने के बाद अब जाकर जुलाई में सभी मंडलों की कार्यकारिणी बनी है। अब जिलों की कार्यकारिणी बनाने की कवायद प्रारंभ की गई है। जिलों की कार्यकारिणी बनाने के बाद उसको अनुमोदन करने के लिए प्रदेश संगठन के पास भेजा जाएगा, वहां से मंजूरी मिलने पर इसका ऐलान होगा। जिलों की पहली कार्यकारिणी मनेंद्रगढ़ की बनी है। इसका ऐलान प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और संगठन महामंत्री पवन साय की मंजूरी के बाद किया गया है।*

भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ।

इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

**पिछले साल के मुकाबले 14 प्रतिशत अधिक जलभराव**

**किसान खेती किसानी में जुटे**

# खारंग-खपरी बांध छलके, झुमका मनियारी और छीरपानी लबालब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के प्रमुख बांधों में 51.74 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। पिछले साल के मुकाबले यह 14 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल इसी अवधि में बांधों में 37.13 प्रतिशत जल भराव था। प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के बाद लगातार बारिश से बिलासपुर स्थित खारंग बांध और दुर्ग जिले का खपरी जलाशय छलकने लगा है। राज्य के 46 प्रमुख जलाशयों में से झुमका जलाशय में 99.57 प्रतिशत, मनियारी और छीरपानी जलाशय लबालब हो गए हैं, यहां 93 प्रतिशत से अधिक जलभराव हुआ है।

छत्तीसगढ़ में मानसून के मई माह में प्रवेश के बाद जून में करीब 17 प्रतिशत कम बारिश ने चिंता में डाल दिया था। जुलाई के पहले सप्ताह की मानसूनी बारिश ने इन कमियों को पूरी करते हुए औसत बारिश को बनाए रखा। प्रदेश में अब तक 446 मिमी बारिश हो चुकी है। सरगुजा संभाग का बलरामपुर जिले में इस साल सर्वाधिक और बेमेतरा जिले में सबसे कम बारिश हुई है। बांधों के कैच मेंट एरिया मं अच्छी बारिश के चलते बांधों के जलस्तर में तेजी से सुधार हुआ है। एक ओर बड़े जलाशय बांगों और गंगरेल बांध में आधे से ज्यादा जल भराव हो चुका है। अन्य बांधों के जलस्तर में सुधार देखने में आया है। बारिश के साथ ही किसानों ने फसल की बोनी पूर्ण कर ली है। आने वाले दिनों में बारिश से प्रदेश के अन्य जलाशयों के लबालब होने की संभावना है।



### इन बांधों के खुले गेट

राज्य के कई जलाशयों से नहरों तथा स्लूइस के माध्यम से जल निकासी भी जारी है। खारंग, मनियारी, केलो और सीतानदी बेसिन के जलाशयों से जल छोड़ा गया है। जल संसाधन विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को जलाशयों की सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं।

### बांधों में जल भराव की स्थिति

मिनीमाता बांगो बांध में अब तक 54.78 प्रतिशत जलभराव हुआ है, गंगरेल बांध में 54.26 प्रतिशत, तांदुला बांध में 32.57 प्रतिशत, दुधावा बांध में 22.20 प्रतिशत, सिकासार बांध में 46.88 प्रतिशत, सोंढूर में 23.66 प्रतिशत, मुरूमसिल्ली में 23.49 प्रतिशत, कोडार डेम में 38.79 प्रतिशत, केलो डेम में 31.62 प्रतिशत जलभराव हुआ है। इसी तरह अरपा भैंसाझार और मायना जैसे जलाशयों में 30 प्रतिशत से भी कम, गोंदली बांध में 30.24 प्रतिशत और कोसारटेडा डेम (बस्तर) में 42.57 प्रतिशत जलभराव हुआ है। खरखरा डेम में 22.15 प्रतिशत, परलकोट डेम में 36.44 प्रतिशत, श्याम डेम सरगुजा में 69.38 प्रतिशत, पिपरिया नाला डेम में 77.64 प्रतिशत, बलार डेम में 23.04 प्रतिशत, सुतियापात जलाशय में 67.74 प्रतिशत, मोंगरा बैराज में 62.62 प्रतिशत, मरोदा जलाशय में 38.62 प्रतिशत, सरोदा दादर में 41.03 प्रतिशत, घोंघा जलाशय में 82.84 प्रतिशत, मटियामोती जलाशय में 28.51 प्रतिशत, झुमका जलाशय में 98.84 प्रतिशत, खमारपकुट डेम में 86.11 प्रतिशत, कर्रानाला बैराज में 72.64 प्रतिशत, किंकारी नाला में 80.31 प्रतिशत, सुखा नाला बैराज 72.95 प्रतिशत, कुम्हारी डेम रायपुर में 40.44 प्रतिशत, धारा जलाशय राजनांदगांव में 46.44 प्रतिशत तथा रूसे डेम में 54.47 प्रतिशत जल भराव हो चुका है।

# बृजमोहन ने लोकसभा में वन एवं पर्यावरण का मुद्दा उठाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा के मानसून सत्र के पहले दिन रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य में वन एवं पर्यावरण से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को आतारांकित प्रश्न के माध्यम से लोकसभा में जोरदार ढंग से उठाया। श्री अग्रवाल ने सरकार से जानना चाहा, क्या छत्तीसगढ़ में विगत एक दशक में 18 करोड़ पौधे लगाने का दावा किया गया है, और यदि हां, तो उनमें से कितने पौधे जीवित बचे हैं। क्या बस्तर, कोरबा और दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्रों में खनन परियोजनाओं के चलते वनाच्छादित क्षेत्र में कमी आई है, और क्या संबंधित ग्राम सभाओं की सहमति इन परियोजनाओं हेतु ली गई थी। क्या राज्य में कई विकास परियोजनाएं पर्यावरणीय मंजूरी के अभाव में वर्षों से लंबित हैं। क्या अप्रयुक्त भूमि पर वृक्षारोपण हेतु कोई ठोस कार्य योजना तैयार की गई है। और क्या इन योजनाओं की निगरानी उपग्रह मानचित्रण, जियो टैगिंग एवं सामाजिक लेखा परीक्षा के माध्यम से की जा रही है। इसका जवाब देते हुए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2010-11 से 2019-20 के बीच छत्तीसगढ़ में लगभग 18 करोड़ पौधे लगाए गए हैं, जिनमें से अधिकांश स्थानों पर पौधों की उत्तरजीविता दर संतोषजनक (लगभग 90%) रही है। भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार 2013 से 2023 के बीच छत्तीसगढ़ में वन क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय कमी नहीं आई है, बल्कि अति सघन वन क्षेत्र में वृद्धि दर्ज की गई है। खनन परियोजनाओं के लिए सभी अनुमति प्रक्रियाएं वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 एवं वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत की जाती हैं, और ग्राम सभाओं से विधिवत सहमति प्राप्त की जाती है। राज्य में कोई भी विकास परियोजना 105 दिनों की निर्धारित सीमा से अधिक पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लंबित नहीं है। वृक्षारोपण कार्य स्वीकृत योजनाओं और राजस्व विभाग द्वारा प्रदत्त भूमि पर किए जाते हैं। ई-ग्रीन वॉच पोर्टल एवं जीआईएस आधारित निगरानी, जियो-टैगिंग, और तृतीय पक्ष सत्यापन जैसे आधुनिक उपायों से इन कार्यों की निगरानी की जा रही है।

## कस्तूरबा विद्यालय व कन्या छात्रावास की बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं करियर मार्गदर्शन का मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गत दिनों कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय तथा प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण और करियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण महासमुंद से पधारे अनुभवी प्रशिक्षकों कुलेश्वर राम ध्रुव वित्तीय साक्षरता समन्वयक विशेषज्ञ व ललित कुमार कराटे प्रशिक्षक द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना, विषम परिस्थितियों में अपने बचाव के लिए सक्षम करना तथा भविष्य की शिक्षा व करियर को लेकर उचित दिशा प्रदान करना रहा। प्रशिक्षकों ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाए और 10वीं व 12वीं के बाद उपलब्ध करियर विकल्पों की



विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य के सपनों और लक्ष्य साझा किए। साथ ही प्रशिक्षकों ने मासिक धर्म स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर भी विस्तृत जानकारी दी, जिससे बालिकाओं में जागरुकता बढ़ी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ रतन तंवर, पर्यवेक्षक मीना लाल, संगीता साहू तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय की प्राचार्य लुनेश्वरी बिसेन, विशेष रूप से उपस्थित रहीं। रतन तंवर ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

## सौर विद्युतीकरण योजना की धीमी रफ्तार पर राज्यपाल डेका ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्यपाल रमेन डेका ने सोमवार को राजभवन में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (प्रधानमंत्री जनमन योजना) के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सौर विद्युतीकरण की धीमी प्रगति पर असंतोष जताया और कहा, इस क्षेत्र में जो चुनौतियां है उसका सभी मिलकर निराकरण करेंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा, वे केवल फील्ड रिपोर्ट पर निर्भर न रहें, बल्कि निचले स्तर पर जाकर योजनाओं का क्रियान्वयन देखें।

राज्यपाल ने प्रदेश के पीएम जनमन क्षेत्रों में विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा की और संचालित कार्यो की जमीनी हकीकत देखने के लिए इन ग्रामों का दौरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा, योजना का मूल उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों को केन्द्र द्वारा तय सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है।

इन वर्गो तक मूलभूत सुविधाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क आदि देना पहली प्राथमिकता है। जो योजनाएं संचालित हैं, वे तय समय पर पूर्ण हो जाएं। पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में सुविधाएं पहुंचे इसके लिए सही एप्रोच जरूरी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के सहयोग और समन्वय से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव एवं सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में प्रधान पाठकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विकासखंड तिल्दा नेवरा के अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों को जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में एवं विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण तिल्दा नेवरा के द्वारा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक शिव कुमार बर्मन ने उपस्थित प्रधान पाठकों को साक्षरता कार्यक्रम की प्रक्रिया एवं आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिवार के राशन कार्डों के माध्यम से असाक्षरों की पहचान करनी है तथा परिवार के सदस्यों से संवाद कर असाक्षर व्यक्तियों का पता लगाना है। इस अभियान के अंतर्गत चिन्हित असाक्षरों की परीक्षा मार्च 2026 में आयोजित की जाएगी।



इस अवसर पर प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि प्रत्येक 10 असाक्षरों पर एक अनुदेशक नियुक्त किया जाना है, जो कि स्थानीय स्तर पर 9वीं से 12वीं कक्षा तक के अध्ययनरत विद्यार्थी भी हो सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं वंचित समुदायों तक साक्षरता की रोशनी पहुंचाना है, जिससे समाज में जागरूकता और सहभागिता को प्रोत्साहन मिल सके।

कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पचरी के प्रधान पाठक दिनेश कुमार साहू एवं छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन तिल्दा के अध्यक्ष गोपाल वर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## स्वच्छता रैंकिंग में पहले या दूसरे स्थान पर लाने नहीं हुआ अतिरिक्त प्रयास, समीक्षा होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने कहा है कि रायपुर शहर को स्वच्छता की राष्ट्रीय रैंकिंग में पहले या दूसरे स्थान पर लाने निरंतर अतिरिक्त प्रयास करना था, किंतु ऐसा नहीं हो पाया। इसकी समीक्षा की जाएगी। सफाई के काम में कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी, न ही शहर को सफाई के मामले में श्रेष्ठ स्थान पर पहुंचाने कोई समझौता होगा।

महात्मा गांधी सदन स्थित महापौर कक्ष में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की समीक्षा बैठक में मीनल चौबे ने ये बातें कही। उन्होंने ये भी कहा कि देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप पर रहने वाले इंदौर जैसे सात शहर जब श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सुपरलीग में



चले गये, तब रायपुर को कम से कम टॉप थ्री रैंक पर आना था, पर ऐसा नहीं हुआ। हमसे कहां पर चूक हुई, क्या खामियां रह गयीं इस पर अब समीक्षा होगी। मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर शहर को राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में चौथी रैंकिंग मिलने का पहला श्रेय स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों को जाता है। फील्ड में उनके द्वारा किये गये कार्यो को उन्होंने सराहा। महापौर ने कहा कि नगर निगम जल्द स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों का सम्मान करेगा। बैठक के दौरान महापौर मीनल चौबे ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मुख्यालय में सभी जोन में जाकर प्रत्येक पंद्रह दिनों में स्वच्छता संबंधी कार्यो की आवश्यक समीक्षा कर कार्य करवाएं।

**टेंडर में फिर दो कंपनियों की भागीदारी**

**31 जुलाई तक आगे बढ़ी कार्यवाही**

# आयुष्मान क्लेम का ऑडिट, चौथी बार आगे बढ़ी टीपीए कंपनी तय करने की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में क्लेम ऑडिट करने की प्रक्रिया चौथी बार आगे बढ़ा दी गई है। सोमवार को टेंडर ओपन करने के दौरान केवल दो कंपनियों की भागीदारी की वजह से दस दिन यानी 31 जुलाई तक आगे बढ़ा दिया गया है। नयी कंपनी तय नहीं होने की वजह से ऑडिट नहीं होने से भुगतान भी लंबित हो रहा है। आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों से इलाज के बाद किए जाने वाले क्लेम की जांच और कंटाई-छंटाई का थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर (टीपीए) कंपनी द्वारा किया जाता है। पुरानी कंपनी का काम खत्म होने के बाद नयी एजेंसी तय करने की प्रक्रिया पूरी ही नहीं हो पा रही है। पिछले दिनों इस मामले में आईएमए के प्रतिनिधि मंडल ने संचालक सह आयुक्त स्वास्थ्य संचालनालय एवं स्टेट नोडल एजेंसी डॉ प्रियंका शुक्ला से मुलाकात कर अपनी समस्या के बारे में बताया था। इस दौरान उन्होंने समस्या की शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया था। मगर इस बार भी पर्याप्त संख्या में टीपीए कंपनियों द्वारा टेंडर में शामिल नहीं होने की वजह से उसे आगे बढ़ा दिया गया।सोमवार को अंतिम तिथि होने के बाद तकनीकी बिड ओपन नहीं किया जा सका और इसे 31 जुलाई तक आगे बढ़ा दिया गया। टीपीए कंपनी तय करन राज्य नोडल एजेंसी द्वारा 29 मई 2025 को निविदा जारी किया था जिसमें टेंडर भरने की अंतिम तिथि 19 जून और टेंडर ओपन होने की तारीख 23 जून थी। सूत्रों का कहना है कि इसके लिए बनाया गया नियम काफी जटिल है जिसकी वजह से आयुष्मान ऑडिट के लिए टीपीए कंपनियां रूचि नहीं दिखा रही है। ऑडिट कार्यों के लिए बड़ा अनुबंध होता है, जिसमें संबंधित एजेंसी को भारी-भरकम मानव संसाधन की व्यवस्था करनी पड़ती है।

### फरवरी के क्लेम प्रोसेस नहीं




31 मार्च से पुरानी कंपनी की निविदा अवधि खत्म हो जाने के बाद फरवरी से क्लेम प्रोसेस नहीं किया जा सके हैं जिसकी वजह से बड़ी राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऑडिट की प्रक्रिया में अस्पतालों के करीब आठ सौ करोड़ रुपये अटके हुए हैं। इसकी वजह से कई अस्पतालों की परेशानी बढ़ रही है। इस संबंध में चिकित्सकीय संगठनों द्वारा भी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से जुड़े अफसरों से मुलाकात कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ की सड़कें खराब, कमीशनखोरी मुख्य वजह : राकेश



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने छत्तीसगढ़ की सड़कों के जर्जर स्थिति पर कहा कि छत्तीसगढ़ में हाईवे सहित सभी मुख्य सड़कों की जर्जर हालत गंभीर समस्या बन चुकी है। कई राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी सतह और उचित मरम्मत की कमी से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीण इलाकों को जोड़ने वाले हाईवे भी बदहाल स्थिति में हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है।

### विद्यालय में 25 फलदार पौधों का किया रोपण



**महासमुंद।** सिरपुर नगर में स्थित गायत्री चेतना केंद्र में विशेष साधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महासमुंद गायत्री शक्तिपीठ से महिला मंडल की टीम तथा समस्त सरेकेल क्षेत्र के श्रद्धालु परिजनों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर साधना पक्ष के अंतर्गत पर्यावरण संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिरपुर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन में विद्यालय की प्राचार्य उमा ठाकुर, समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, महिला मंडल (गायत्री शक्तिपीठ, महासमुंद) सिरपुर में अनुष्ठानरत वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा सरेकेल इकाई के समर्पित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। सभी के सामूहिक सहयोग से विद्यालय परिसर में 25 फलदार पौधों का रोपण किया गया।

### पूनम बने अभा कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

महासमुंद। अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर की नियुक्ति की गई है। पूनम चंद्राकर की नियुक्ति अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार की सहमति से की गई है। पूनम चंद्राकर की नियुक्ति करते हुए महासभा ने यह आशा व्यक्त किया गया है कि आपके मनोनयन से समाज को गति मिलेगी और संगठन मजबूत होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि उनकी नियुक्ति पर समाजजनों में हर्ष व्याप्त है।

### जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता बागबाहरा में 2 अगस्त को

महासमुंद। विकासखण्ड स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग में आयोजित किया गया। जिसमें उद्घाटन सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर एलएन दीवान ने अपने उद्बोधन में अनुशासन में रहते हुए खिलाड़ी भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ व्याख्याता जे एल साहू ने बच्चों को शुभाशीष देते हुए खिलाड़ी भावना से खेलने के लिए कहा। वरिष्ठ व्याख्याता यूआर साहू ने व्यायाम एवं खेलकूद से होने वाले शारीरिक फायदे के बारे में बताया। उद्घाटन मैच हायर सेकेंडरी स्कूल बेमचा एवं हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा के मध्य हुआ। उक्त विकासखंड स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी स्कूल भोरिंग के छात्र, हायर सेकेंडरी स्कूल बेमचा के छात्र, हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा की छात्राएं, डीएमएस महासमुंद, पब्लिक स्कूल तुमगांव, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम तुमगांव, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महासमुंद के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

**आयोजन : 21 से 27 जुलाई तक खम्हरिया में सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जारी**

# राज्य स्तरीय एडवांस स्काउट प्रशिक्षण शिविर से स्काउट्स को मिलेगी नई ऊर्जा : जिला सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया जिला में राज्य स्तरीय एडवांस स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन, रोवर-रेंजर लीडर का सात दिवसीय प्रशिक्षण 21 जुलाई से 27 जुलाई 2025 तक आयोजित है। जिसका उद्घाटन ध्वज शिष्टाचार के साथ किया गया। शिविर संचालक एवं राज्य संयुक्त सचिव शिवानी गणवीर एवं शिविर संचालक स्काउट गिरीश कुमार पाढ़ी ने बताया कि राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन पर नवगठित जिला में पहली बार जिला संघ की मांग पर एडवांस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

- 4 जिलों से 88 प्रतिभागी, बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाने में प्रशिक्षण का उद्देश्य

इस शिविर में सारंगढ़ बिलाईगढ़, महासमुंद, जांजगीर-चांपा एवं रायगढ़ जिले से प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए हैं, शिविर में 39 स्काउटर, 12 गाइडर, 9-9 रोवर रेंजर, संचालक मंडल के 12, जिला संघ के 07 कुल 88 स्काउट, गाइडर शिविर में भाग ले रहे हैं। जिला सचिव डॉ पूनम सिंह साहू ने जिले में पहली बार एडवांस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हो रहा है। जिसका लाभ जिले में स्काउटिंग गतिविधियों को संचालित करने एवं बच्चों को समाज एवं देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने में मिलेगा। इस प्रशिक्षण में वे प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं जो बेसिक कोर्स किया है और जिनके पास चार्टर, वारंट एवं बीएसजी यूआईडी नंबर मौजूद है। संचालक मंडल में गाइड विभाग के लिए एएलटी शिवानी गणवीर राज्य संयुक्त सचिव राज्य मुख्यालय, लीना वर्मा रायपुर, हीना भेंसले धमतरी, स्काउट विभाग में एलटी गिरीश कुमार पाढ़ी महासमुंद, मनीष कुमार बघेल बलौदाबाजार, शैलेन्द्र कुमार नायक महासमुंद, शत्रुघ्न सूर्यवंशी बिलासपुर, रोवर विभाग एएलटी राजकिशोर स्वर्णकार रायगढ़, विभूतिभूषण गुप्ता जांजगीर-चांपा, मिलाप पटेल रायगढ़ एवं रेंजर विभाग एएलटी रजनी कला पाटकर बलौदाबाजार, सुनीता चौहान शक्ति शिविर संचालक टीम में शामिल हैं।

### इनका रहा विशेष योगदान

शिविर को सफल बनाने में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया के संस्था प्रमुख एस एल पटेल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त एसएल साहू, सचिव पूनम सिंह साहू, जिला संयुक्त सचिव गुणवती साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड मीना जांगड़े, जिला संगठन आयुक्त गाइड धात्री नायक, भगवान प्रसाद बसंत, मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ठाकुर एवं कमलेश साहू आदि का विशेष योगदान रहा है।

### जीवन में लक्ष्य प्राप्ति का जुनून पैदा करती है स्काउटिंग




**हथबंद।** स्काउटिंग जीवन में लक्ष्य प्राप्ति का जुनून पैदा करता है, कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करना, तथा समाज में स्वाभिमान और सम्मान के साथ जीने की कला सिखाता है। उक्ताशय के विचार राज्यपाल पुरस्कार के पूर्वाभ्यास शिविर में बलौदाबाजार जिला के वरिष्ठ स्काउटर मुबारक हुसैन ने व्यक्त किए। सिमगा विकासखंड के मुड़पार में 32 स्काउट एवं गाइड्स को सहायक राज्य आयुक्त आई आर वर्मा, ब्लाक सचिव धनेश्वर वर्मा, सेजेस हथबंद के प्राचार्य सी, के, नायक, स्काउटर आर के पसीने, डी,पी, डहरिया,आर, के, कुंजाम, गाइडर सावित्री वर्मा, द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुड़पार के प्रधान पाठक मोहन लाल वर्मा, नीरज शर्मा, गोविंद साहू शिविर में विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं। सिमगा विकासखंड के 32 स्काउट गाइड झांकी अभनपुर में आयोजित होने वाले राजू पुरस्कार जांच शिविर में भाग लेंगे।

## डीके कॉलेज में मां के नाम पर हुआ पौधारोपण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण एवं मातृत्व सम्मान को समर्पित अभियान एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत वनस्पति शास्त्र विभाग तथा एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय में आयोजित पौधारोपण गतिविधि का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मातृभक्ति को हरियाली के रूप में अभिव्यक्त करना, कॉलेज परिसर को हराभरा बनाना, वनस्पति विभाग के छात्रों में पौधों के प्रजाति के बारे में जानकारी बढ़ाना है। विभिन्न प्रजातियों के कुल 60 पौधे रोपित किए गए। वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष एस एल नेगी के द्वारा पौधा उपलब्ध कराने उपरांत छात्रों ने पौधारोपण किया। एनएसएस स्वयंसेवकों व शिक्षकों द्वारा वृक्षारोपण कर एक पेड़ माँ के नाम शपथ ग्रहण किया के सभी पौधों को मां के समान देख भाल करेंगे।

इस कार्यक्रम में गणेश राम कुर्रे, सुशीला गिलहरे, जयंत मिंज, मोहन लाल वर्मा, डॉ राजू महोबिया, पी एस चैहान, एनएसएस अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा, महाविद्यालय कार्यालय से शीतल पटेल, नरेश धुरव, नरोत्तम नेताम अर्जुन पैकरा, अमन कुमार निषाद, ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

## गौ सेवा को बनाया जाएगा जन आंदोलन: गौ क्रांति मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



भारतीय गौ क्रांति मंच छत्तीसगढ़ प्रांत के तत्वावधान में आयोजन बंजारी मंदिर गौशाला, गुरुकुल विद्यालय, रायपुर में किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के 11 जिलों में संगठनात्मक विस्तार करते हुए बड़ी संख्या में गौ सेवकों एवं पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। आयोजन का मूल उद्देश्य गौमाता की सेवा एवं सुरक्षा को जन आंदोलन के रूप में पूरे प्रदेश में सशक्त करता रहा। इस गरिमामय आयोजन में विशिष्ट अतिथियों के रूप में हरिभाई जोशी, मनमंत शर्मा, प्रेमशंकर गौतिया, गोपालजी सुलतानिया की उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने आशीर्वचनों एवं मार्गदर्शन से उपस्थित जनों को प्रेरित किया।

प्रांत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल एवं प्रांत महामंत्री राजा पांडेय की विशेष भूमिका आयोजन की सफलता में केंद्र में रही। मंच के अन्य पदाधिकारियों नामदेव राय प्रांत महामंत्री, राकेश केसारवानी प्रांत उपाध्यक्ष, प्रीतम कुमार साहू प्रदेश संयोजक गौ सेवा, अमरदीप शर्मा प्रदेश संयोजक गौ रक्षा, सत्येन्द्र सिंह परमार प्रदेश प्रवक्ता, नितेश तिवारी मीडिया प्रभारी की सक्रिय सहभागिता भी विशेष उल्लेखनीय रही। इस आयोजन के अंतर्गत जिन 11 ज़िलों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बेमेतरा, राजनांदगांव, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, कोरबा, महासमुंद एवं धमतरी में संगठन विस्तार किया गया, उनमें से बलौदाबाजार जिले के लिए निम्नलिखित पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई अभिषेक मिश्रा – जिला अध्यक्ष, नारायण यादव – जिला महामंत्री, साकेत उपाध्याय– जिला महामंत्री, केशव यादव - महामंत्री, मोनू यादव– गौ रक्षक प्रमुख, विजय देवांगन – गौ सेवक प्रमुख, इन सभी पदाधिकारियों को संगठन की ओर से नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई कि वे बलौदाबाजार भाटापारा ज़िले में गौ सेवा और संरक्षण के कार्यों को आगे बढ़ाएं और आम जनमानस को इस पवित्र उद्देश्य से जोड़ें।

## शाश्वत स्कूल में नि:शुल्क यूनिफॉर्म व पुस्तकों का वितरण





**बलौदाबाजार।** शाश्वत स्कूल द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक संसाधनों से सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए मंगलवार को निशुल्क यूनिफॉर्म एवं पाठ्य पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी पार्वती वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय द्वारा सभी आरटीई (नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम) के अंतर्गत नामांकित विद्यार्थियों को निशुल्क यूनिफॉर्म एवं पुस्तकें प्रदान की गईं। साथ ही कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को भी नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं, जिससे उन्हें पढ़ाई में आवश्यक सहयोग प्राप्त हो सके। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें उनके शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करना है।

## बिहान योजना से ज्योति बनीं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में चलाई जा रही बिहान योजना से ग्राम हथबंद की ज्योति निषाद ने न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की, बल्कि अपने परिवार को एक नई दिशा भी दी। पहले खेती पर निर्भर रहने वाली ज्योति निषाद के परिवार की स्थिति उस समय कठिन हो गई जब उनके पति की तबीयत खराब रहने लगी। ऐसे समय में उन्होंने जय मां सरस्वती स्व-सहायता समूह से जुड़कर कपड़ा दर्री बुनाई, सिलाई कार्य और किराना दुकान की शुरुआत की।

- पति की बीमारी से बिगड़ी आर्थिक स्थिति, अब हर महीने कमा रही हैं 12 हजार

बिहान योजना के अंतर्गत उन्हें 3 लाख का बैंक लिंकेज और 60,000 का सामुदायिक निवेश कोष उपलब्ध कराया गया। वर्तमान में ज्योति निषाद लगभग 12,000 प्रतिमाह की आय प्राप्त कर रही हैं और यह उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति और मेहनत का परिणाम है। बिहान योजना से मिली सहायता से वे न केवल आर्थिक रूप से सक्षम हुईं, बल्कि अब अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन चुकी हैं। ज्योति ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहान योजना हम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मार्ग मिला।

## पेज 9 के शेष

### ई.डी. के खिलाफ...

मूल्यों का हनन कर रही है। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, परमेश्वर यदु, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू एवं नंदेश्वर साहू सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गिरी, रूपेश ठाकुर, भुवनेश्वर वर्मा, युधिष्ठिर नायक, दयाराम वर्मा, सुनील कुर्रे, विक्रम पटेल, जिला साहू संघ अध्यक्ष सुनील साहू, खेलेंद्र वर्मा, शैलेंद्र बंजारे, सूर्यकांत वर्मा, योगेश बंजारे, आर्यन शुक्ला, प्रभाकर मिश्रा, राजा तिवारी, ललिता यदु, रोहित साहू, सिद्धांत मिश्रा, मनोज प्रजापति, मनीष चंद्राकर, पिंटू वर्मा, अयाज अहमद फारुकी, सुरेंद्र ठाकुर, अभिषेक पटेल, सुरेंद्र जायसवाल, अनिल साहू, नीलू चंदन साहू, लखेश साहू, जितेन्द्र नवरत्न, सलमान शेख, धर्मेन्द्र वर्मा, गोविंद पात्रे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### छत्तीसगढ़ की जल-...

कहना है कि यह आंदोलन तानाशाही और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ है। सड़क जाम में रायपुर बिलासपुर नेशनल हाईवे थम सा गया। हालांकि स्कूल बसों एवं एंबुलेंस को छूट दी गई थी विदित हो कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को कथित शराब घोटाले मामले में ईडी ने भिलाई से गिरफ्तार किया था। इसके बाद कांग्रेस ने जमकर सरकार पर निशान साधा रायपुर में कांग्रेस नेताओं की एक अहम बैठक हुई और आगे की रणनीति तय की गई और मंगलवार को कांग्रेस ने पूरे राज्य में आर्थिक नाकेबंदी करने का ऐलान किया।विधायक इन्द्र साव ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है और उन्हें डराने का प्रयास कर रही है। एक ओर सरकार एक पेड़ मां के नाम कह रही है वहीं हसदेव एवं तमनार के जंगल अडानी के नाम कर कटवा रही है, वहां के आदिवासी भाइयों को बेदखल कर प्रशासन पूरी तरह अडानी के हाथों की कठपुतली बन गया है। कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करते हुए छत्तीसगढ़ के संसाधनों जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए आज चक्का जाम कर एक संदेश दे रही है कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता की रक्षा के लिए और भी आंदोलन करने पड़े तो कांग्रेस सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेगी। इस आर्थिक नाकेबंदी में सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ,सतीश अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर के के नायक, सुरेश वर्मा, अमर मंडावी, अरुण यादव, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, दिवाकर मिश्रा, कुबेर यदु, आलोक, दशरथ, वैभव केसरवानी, रमेश घृतलहरे, सहित सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### भारी पुलिस बल....

जेल भेजे जाने को गलत ठहराते केन्द्र के स्वतंत्र एजेंसी के इस्तेमाल को गलत बताया वही जंगल के काटे जाने को लेकर चिता जाहिर की चक्का जाम कर रही पूर्व सांसद छाया वर्मा के कहा कि भाजपा सरकार ईडी का सहारा लेकर कांग्रेस की अवाज दबाने का कार्य कर रही है, अडानी के खिलाफ बोलने पर ईडी का इस्तेमाल कर कांग्रेस के नेता को जेल भेज परेशान किया जा रहा है जिसका हम सब विरोध प्रदर्शन करेगें वही ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा भाजपा के मोदी साय सरकार प्रदेश के जल जंगल जमीन अडानी के हवाले हवाले कर छत्तीसगढ को लूटने का काम कर रही जिसका विरोध जोर-शोर से किया जावेगा।

**छत्तीसगढ के जनता को गुमराह कर रही सरकार: कांग्रेसी** युवा कांग्रेस नेता रविन्दर, बबलू भाटिया, अंकित वर्मा, जुबैर अली ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज के अधिकार को छीन कर जंगल कटाई किया जा रहा है वही भाजपा के नेता विधायक यहां तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक पेड मां के नाम करके पेड़ लगा कर छत्तीसगढ के जनता को गुमराह कर का काम कर रही है। हमारे कांग्रेस के जवाबदार मुखिया के विरोध करने पर ईडी का सहारा लेकर जेल भेजने का काम कर विपक्ष का अवाज दबाने का प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष देवव्रत नायक, महामंत्री अश्वनी वर्मा, पार्षद सुरेन्द्र गिलहरे, जितेन्द्र चन्द्राकर, प्रदीप मढरिया, पचरी सरपंच अभिषेक वर्मा, कपीन नशीने, पन्ना देवांगन, धनेश वर्मा सहित बडी संख्या मे ब्लाक कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्त्ता युवा कांग्रेस व महिला कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ उपस्थित रहे ।

### लिमतरा चौक पर...

को छूट दी गई थी। इस आर्थिक नाकेबंदी में सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, सतीश अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर के के नायक, सुरेश वर्मा, अमर मंडावी, अरुण यादव, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, दिवाकर मिश्रा, कुबेर यदु, आलोक मिश्रा, दशरथ चंद्राकर, वैभव केसरवानी, रमेश घृतलहरे, संतोष अग्रवाल, सुरेंद्र यदु, संतोष सोनी, नितिन शुक्ला, कुंज लाल साहू, मोहन गायकवाड, हिरेंद्र कोसले, सत्यजीत शेंडे, विवेक यदु, विजय निषाद, महेंद्र साहू, गिरिराज चावड़ा सहित सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### सड़क से सदन

अपने आका अडानी के नाम कर कटवा रही है वहां के आदिवासी भाइयों को बेदखल कर प्रशासन पूरी तरह अडानी के हाथों की कठपुतली बन गया है । कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करते हुए छत्तीसगढ़ के संसाधनों जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए आज चक्का जाम कर एक संदेश दे रही है कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता की रक्षा के लिए और भी आंदोलन करने पड़े तो कांग्रेस सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेगी।

### किक बॉक्सिंग में ...

नायक, जुनैद अलम विशाल हियाल, सर्वर एक्का, दुर्गेश पटेल, मनीष बैग, संतोष निर्मलकर अनेक प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। वहीं खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों उनके प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं दी है। उक्त प्रतियोगिता में देश के अनेक राज्यों के टीमों से 1200 खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया।

## खबर संक्षेप

### गोड़ा विद्यालय में पुष्पा शाला नायिका

**पलारी।** पलारी विकासखंड के



शास उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडा में आज अप्रत्यक्ष मतदान पद्धति से छात्रसंघ के पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। जिसमें 145 वोट प्राप्त कर कु. पुष्पा साहू शाला नायिका चुनीं गई। उपशाला नायक में 121 वोट पाकर द्रविड़ देवांगन निर्वाचित हुए। छात्र प्रतिनिधि कु. डागेश्वरी वर्मा 127 मत पाकर जीत दर्ज की वहीं क्रीड़ा सचिव में सचिव के लिए सिमरन साहू 91 वोट लेकर जीत दर्ज किया। अनुशासन सचिव में चेतना यादव ने 119 मत पाकर जीतें। बागवानी सचिव में युवराज मानिकपुरी 128 मत लेकर जीतें। नशा मुक्ति सचिव में 176 वोट पाकर लखन कन्नौजे जीतें, योग सचिव में कु. याचना धीवर ने 142 मत पाकर जीतीं।

### पलारी के शासकीय महाविद्यालय में हुई पत्रकारिता कार्यशाला



**पलारी।** शासकीय बृजलाल वर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पलारी में एक दिवसीय पत्रकारिता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महाविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्रों को पत्रकारिता के क्षेत्र में आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था। कार्यशाला में जिले के दो अनुभवी पत्रकारों — इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े कुश अग्रवाल तथा आकाशवाणी के उद्घोषक व वक्ता दीपक तिवारी ने सहभागिता की और छात्रों को अपने अनुभवों से लाभान्वित किया। कार्यशाला की शुरुआत में पत्रकारिता के मूलभूत सिद्धांतों पर चर्चा की गई। छात्रों को बताया गया कि समाचार कैसे एकत्र किए जाते हैं, किस प्रकार की सूचनाएं समाचार बनती हैं और रिपोर्टिंग में निष्पक्षता क्यों आवश्यक है। समाचार संकलन की प्रक्रिया में साक्षात्कार, प्रेस विज्ञप्तियां, सार्वजनिक दस्तावेज़ और प्रत्यक्ष निरीक्षण जैसे स्रोतों का उपयोग कैसे किया जाता है, इस पर विस्तार से चर्चा की गई।

### तामेश्वर महादेव मंदिर में हुआ प्राण-प्रतिष्ठा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के तामेश्वर महादेव मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा का अनुष्ठान हुआ। मंगलवार को धीवर समाज द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के साथ पधारे महाराज पंकज तिवारी द्वारा कराया गया। इस दौरान तामेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक एवं दिव्य श्रृंगार के साथ पूर्णाहुति, हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जहां प्रसाद लेने श्रद्धालु उमड़े। धीवर समाज और कुछ लोगों के सहयोग से तामेश्वर महादेव मंदिर को बनाया गया है। इसमें सुखनंदन, भीखम, लक्ष्मीचंद, तेजू, रामचंद्र, पोखना, रामानंद, हीरालाल,लीनू, ओमकार, राजेंद्र, भूषण अश्वनी, रामा, कृष्ण, राजू, रमेश, सुरेश, नारद, मोहन, भागवत, उमेश, महेश आदि शामिल है।

### निधन

#### उर्मिला सोनी

**बलौदाबाजार।** अत्यंत दुःख के



साथ सूचित किया जाता है कि नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्वर्गीय राम कुमार सोनी जी की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला सोनी का मंगलवार सुबह प्रातः 7 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे संतोष सोनी एवं धीरज सोनी (बंटी) की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार 22 जुलाई 2025, दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजे मोक्ष धाम, रायपुर रोड, बलौदाबाजार में सम्पन्न हुआ। इस दुःखद अवसर पर परिजनों, शुभचिंतकों और नगर वासियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# विभागीय योजनाओं से सभी पात्र हितग्राहियों को करें लाभान्वित: कलेक्टर

## समय-सीमा बैठक में विभागीय योजनाओं की गहराई से समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की पूरी जानकारी के साथ अधिकारी एवं मैदानी अमलों को अपडेट रहने तथा योजनाओं से सभी पात्र हितग्राहियो को लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि विभागों में बहुत सी योजनाएं संचालित रहती है लेकिन उसकी पुरी जानकारी नहीं होने के कारण लोगों को उस योजना का फायदा नहीं मिल पाता। यदि कोई योजना अन्य जिले में संचालित हो रही हो तो उसकी जानकारी लेकर अपने जिले में भी प्रारम्भ कराएं। जानकारी के आभाव में कोई भी हितग्राही योजना से वंचित न हो। उन्होंने बारिश के मौसम में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उद्यान एवं वन विभाग के अधिकारियो को आगामी कुछ दिनों में वन महोत्सव अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये।

इस दौरान स्वामित्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, आधार सिडिंग,आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, धरती आबा अभियान, समय -सीमा के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई । बैठक में अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### रोजगार मेले, स्थानांतरण और जलभराव पर फोकस

कलेक्टर ने जिला स्तरीय स्थानांतरण अंतर्गत स्थानांतरित कर्मचारियों की रिपोर्ट लेने तथा नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले अधिकारी -कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले के युवाओं को रोजगार दिलाने आगामी अगस्त व सितम्बर माह में रोजगार मेले का आयोजन करने रोजगार अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अतिवर्षा से नदी-नालो में जलभराव के कारण पुल- पुलियों से आवागमन बंद होने की स्थिति में प्रभावित स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन बंद कराएं। पुल -पुलियों में जल भराव की स्थिति की रिपोर्ट बीईओ से पूर्व में ही लें ताकि सभी सतर्क रहें। कलेक्टर ने खाद बीज की समीक्षा करते हुए मांग के अनुसार उर्वरक सम्बधित समिति में शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

## जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में जीते युवा, अब राज्य स्तरीय मुकाबले में करेंगे प्रतिनिधित्व

# कौशल तिहार में युवाओं ने दिखाया दमखम, राज्य स्तर पर देंगे चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा युवाओं के कौशल को मंच व पहचान देने तथा कौशल विकास के प्रति जागरूकता लाने हेतु जिला स्तरीय कौशल तिहार 2025 का आयोजन 21 जुलाई को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सकरी बलौदाबाजार में किया गया। प्रतियोगिता में युवाओ ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य इंदु जांगड़े, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, सरपंच हरीश कुमार फेकर, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल उपस्थित थे।

कार्यक्रम में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, जल वितरक संचालक कोर्स के प्रतिभागियों के मध्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जनरल ड्यूटी अस्सिटेंट कोर्स में प्रथम मोनिका घृतलहरे, द्वितीय स्थान भावना चंद्राकर एवं जल वितरक संचालक कोर्स में प्रथम फूलसाय साहू, बलाविक्रम प्रसाद मिरी द्वितीय स्थान हासिल किया। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को 28 से 30 जुलाई 2025 तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कौशल तिहार में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनके कौशल को मंच देने तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से कौशल तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से विजेताओं को इंडिया स्किल्स 2025 की क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला कौशल विकास प्राधिकरण के प्रभारी अधिकारी श्यामा पटेल, डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर, जिला रोजगार अधिकारी, पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं आईटीआई सकरी के प्राचार्य तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी सहित छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

## नेशनल लेवल मॉनिटरिंग टीम ने ग्राम पंचायतों का किया गहन दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत दामाखेड़ा, तुलसी, एवं हथबंद का दो सदस्यीय नेशनल लेवल मॉनिटरिंग ( एनएलएम ) टीम द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का 19 से 22 जुलाई तक निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा सर्वप्रथम दामाखेड़ा में विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेने के बाद प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के हितग्राही फिरतींन बाई, सेवती बाई, दादू लाल, विजय एवं झाड़ू राम वर्मा के नवनिर्मित आवास का निरीक्षण किया गया।

बिहान योजना अंतर्गत जय महामाया समूह द्वारा संचालित होटल एवं भोजनालय का अवलोकन किया गया तथा अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित अगरबत्ती निर्माण का ब्यौरा लेकर उनसे अगरबत्ती की खरीदी टीम द्वारा किया गया। साथ ही साथ मनरेगा अंतर्गत कईहा तालाब गहरीकरण एवं निर्मला घाट निर्माण, सोहला तालाब गहरीकरण, निर्मला घाट निर्माण, गौठान में पशु शेड निर्माण एवं खंड वृक्षारोपण कार्य सब स्टेशन के पास का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत तुलसी में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के हितग्राहियों जिसमे आरती बाई, बिसाहिन बाई, परमिला बाई, हिरौदी राधा बाई के पूर्ण आवास की सराहना केंद्रीय टीम द्वारा किया गया। साथ ही मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत कच्ची नाली (सिंचाई नाली) पंचायत भवन से रजबंधा तालाब, पैठू तालाब गहरीकरण एवं पचरी निर्माण, नवीन बांधा तालाब गहरीकरण पचरी निर्माण, बाजार हाट में निर्मित सार्वजनिक शौचालय निर्माण एवं सेग्रीगेशन शेड निर्माण कार्य इन सभी कार्यों का निरीक्षण किया गया।

केंद्रीय टीम के विजिट के दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे नोडल अधिकारी एस आर गेंड्रे, युगल किशोर वर्मा, अमित कुमार वैद्य तथा मौके पर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा।

## सतनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

खरोरा–प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं बोर्ड परीक्षा 2025 के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 27 जुलाई रविवार दोपहर 12 बजे अटल बिहारी वाजपेयी सभागार (ऑडिटोरियम) डॉ. भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल के पीछे जेल रोड रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री के अध्यक्षता में आयोजित है।

- सीएम साय भी होंगे शामिल, समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को करेंगे सम्मान

जिसमें अति विशिष्ट अतिथि विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री छ. ग़. शासन, अरुण साव उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन एवं विशिष्ट अतिथि दयाल दास बघेल खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण वाणिज्य एवं उद्योग विभाग मंत्री, बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर, लोकसभा एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन, कमलेश जांगड़े सांसद जांजगीर चांपा लोकसभा, गुरु खुशवंत साहेब उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण विधायक आरंग, पुन्नूलाल मोहले विधायक मुंगेली पूर्व मंत्री छ.ग.शासन, डोमन लाल कोर्सेवाडा विधायक अहिरवारा, दिलीप लहरिया विधायक मस्तूरी, उत्तरी जांगड़े विधायक सारंगढ़, कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, शेष हरबंश विधायक पामगढ़, हर्षिता बघेल विधायक डोंगरगढ़ के उपस्थिति में पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी एवं बोर्ड परीक्षा 2025 में सम्मिलित 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा । बता दे की विगत दिनों सतनामी समाज में प्रदेश स्तर पर चुनाव संपन्न हुआ जिसमें नई प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के समाज प्रमुखगण शामिल होंगे तथा सर्व छत्तीसगढ़िया समाज प्रमुख गण उपस्थित रहेंगे।

नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष लखनलाल कोशले, महासचिव मोहन बंजारे एवं प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने समाजगणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील किया है। उक्त जानकारी भोजराम मनहरे पूर्व प्रदेश सहसचिव युवा प्रकोष्ठ ने दी है।

# 43 हितग्राहियों को मिली नए पक्के मकान की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नए आवास के निर्माण किए जाने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण हेतु अनुमति पत्र का वितरण किया गया। वर्तमान में 43 हितग्राहियों का आवास निर्माण हेतु शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत शासन के द्वारा प्रदत्त नियमों के अंतर्गत निर्माण किया जाना है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण के दौरान कहा गया कि पक्के आवास में रहने का जो सपना होता है उस देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा साकार करते हुए नए आवास के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की जा रही है, कैबिनेट मंत्री माननीय टंकराम वर्मा की अनुशंसा से नगर पालिका क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तत्काल प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की जा रही है, जिससे हितग्राहियों में हर्ष व्याप्त है, नगर पालिका क्षेत्र में इस योजना से हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लोगों को पक्के आवास की सुविधा प्रदान किए जाने पर मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

- पीएम आवास योजना 2.0: नपाध्यक्ष अशोक जैन ने किया स्वीकृति पत्रों का वितरण

### ये रहे उपस्थित

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए हितग्राहियों को नगर पालिका कार्यालय में स्वीकृति पत्र वितरण के अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद एवम सभापति, हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, कन्हैया सेन, सुरेश घृतलरे, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, आवास योजना प्रभारी मुकेश लहरे, गुरुदत्त तिवारी, सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कृष्ण कुमार वर्मा, शिव कुमार सिन्हा, गोवर्धन दस महिलागे, चंद्रकला वर्मा,फरीदा बेगम,छोटू यादव, कल्पना पवार, कुंवारियां बाई यादव, हुसैन बैग, संपत लाल साहू, गीताबाई सतनामी, पूर्णिमा वर्मा, भारत लाल कंवर, संतोष लहरें, रोशन खान, मांझर बाई, राजकुमार यादव व उनके परिवार जन व अन्य नागरिक व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## अंजू वर्मा को मोमेंटो देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

विकासखंड पलारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान (प) में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 कक्षा दसवीं में अंजू वर्मा पिता राजकुमार वर्मा ने 92.83% प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे स्कूल में टॉप की है। उक्त प्रतिभावान छात्रा को महेश बारले अध्यक्ष असहाय जन सेवा संस्थान एनजीओ पूर्व सरपंच दतान के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मोहन ध्रुव एवं व्याख्याता डॉक्टर कोमल वैष्णव सर उपस्थित रहे।



## रंजीता शुक्ला बनी राष्ट्रीय पर्यावरण और खनिज संरक्षण मंच की प्रदेश संगठन मंत्री

**कसडोल।** भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता एवं विधानसभा कसडोल की पूर्व सरपंच संघ की ब्लॉक अध्यक्ष रंजीता शुक्ला को प्रदेश संगठन मंत्री के पद पर नियुक्ति किया गया है, आपको बता दे कि राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक रवि चाणक्य नरेन्द्र मोदी विचार मंच एवं श्री डॉ लक्ष्मी नारायण आमेटा राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष के के वर्मा ने रंजीता शुक्ला को राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रदेश संगठन मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति 16 जुलाई 2025 से एक वर्ष तक रहेगी। इधर श्रीमती रंजीता शुक्ला की नियुक्ति के बाद परिवारजनों सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना किया है। मीडिया से चर्चा पर श्रीमती रंजीता शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच में मुझे संगठन मंत्री का पद दिया गया है ।



## बीज व उपकरण वितरण कार्यक्रम में किसानों से संवाद

# सरकार की प्राथमिकता है किसान समृद्धि: शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा



कृषि विभाग, भाटापारा द्वारा आयोजित बीज एवं स्पेयर वितरण कार्यक्रम उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सम्मिलित होकर किसानो से संवाद किया। शिवरतन शर्मा ने बीज व सामग्री वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की इस योजना का उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज एवं आवश्यक कृषि उपकरण उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके एवं आर्थिक स्थिति में सुधार आये। यह पहल आत्मनिर्भर किसान और समृद्ध कृषि के संकल्प की दिशा में एक सार्थक कदम है।

शिवरतन शर्मा ने किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने और फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित किया। शिवरतन शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य हो रहे हैं। शर्मा ने बताया कि सरकार किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को लाभ पहुंचा रही है।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। हमारी सरकार की प्राथमिकता किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही उन्हें ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें देना है। यह कार्यक्रम किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उपकरणों से लैस करके उनकी उत्पादकता और आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे न केवल किसानों को लाभ होता है, बल्कि देश में खाद्यान्न उत्पादन में भी वृद्धि होती है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मथुरा यदु, जिला पंचायत सदस्य अमर मंडावी, सरपंच संघ अध्यक्ष संकेत अग्रवाल, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष टिक्की वर्मा, सहित कृषक एवं कृषि विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

